तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 8 मार्च 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 हर क्षेत्र महिलाएं कायम कर रहीं अपना वर्चस्व




## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी की प्रेसवार्ता आज

**बैकुण्ठपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 8 मार्च को जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन बैकुंठपुर में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि अनुसार दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा नेता द्वारा लगभग 9:50 एकड़ भूमि में अफीम की खेती किए जाने का मामला प्रकाश में आने पर प्रदेश की भाजपा सरकार के नशे के कारोबार को संरक्षण देकर प्रदेश के युवाओं को नशे की ओर धकेलने का कार्य कर रही है, इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर 8 मार्च को जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। इसमें पार्टी के सभी पदाधिकारियों को शामिल होने की अपील की गई।

### जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का गरिमामय आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मीरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के तीनों विकासखंड मनेन्द्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने लोकसभा की कार्रवाई का प्रभावशाली मंचन करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीवंत झलक प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मंत्रीमंडल के सदस्य और सांसदों की भूमिका निभाते हुए सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तर्कपूर्ण बहस और संवाद का प्रदर्शन किया।

### चोरी के दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रामानुजगंज।** चोरी के अलग-अलग दो मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है तथा आरोपियों के कब्जे से चोरी की सामग्री सहित घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त किया है। शासकीय पॉलीटेक्निक आरागाही मे 4 मार्च की रात गेट फांदकर 6 नग स्ट्रीट लाइट चोरी करने के मामले में पुलिस ने धारा 331 एवं 305 का मामला पंजीबद्ध कर जांच कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस सुभाष नगर निवासी आरोपी ओम सरदार एवं प्रसन्नजीत मंडल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 नग एलईडी स्ट्रीट लाइट बरामद किया तथा घटना में प्रयुक्त हीरो एक्सट्रीम मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपियों को जेल भेजा है। एक-दूसरे मामले में धनपुरी निवासी सूर्य कुमार ने 12 जनवरी को एक व्यक्ति द्वारा दुकान से नगद रूपए एवं मोबाइल चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर मामले में तामेश्वर नगर निवासी अमन मिस्त्री को गिरफ्तार कर उससे 500 रूपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त किया है। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार था।

**कोरिया की महिलाओं को मिला आर्थिक सशक्तिकरण** | 22 महिलाएं प्रतिदिन पांच हजार से ज्यादा लड्डू बना रहीं


# सर्वधर्म की महिलाएं कोरिया मोदक लड्डू निर्माण में बनीं एकता की मिसाल

**बैकुण्ठपुर।** जिले से महिला शक्ति, सामाजिक एकता और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधार की एक प्रेरणादायक कहानी सामने आई है। बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम आनी में ज्योति महिला स्व-सहायता समूह और मां शारदा स्व-सहायता समूह की महिलाएं कोरिया मोदक नामक पौष्टिक लड्डू तैयार कर रही हैं, जिन्हें गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

आज विश्व महिला दिवस




लड्डू निर्माण में जुटी महिलाएं।



बनाए गए लड्डू।

इस अभिनव पहल से जिले में कम वजन वाले शिशुओं के जन्म की समस्या को कम करने में उल्लेखनीय सफलता मिली है। इस पहल की एक और खास बात यह है कि इसमें हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदाय की महिलाएं मिलकर काम कर रही हैं। अलग-अलग धर्म, जाति और समुदाय से आने वाली महिलाएं जब एक साथ बैठकर इन पौष्टिक लड्डुओं का निर्माण करती हैं, तो वह केवल पोषण नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश भी समाज तक पहुंचाती हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इससे ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिला है। ज्योति और मां शारदा स्व-सहायता समूह की लगभग 22 महिलाएं प्रतिदिन 5,000 से 6,000 कोरिया मोदक लड्डू तैयार कर रही हैं। अब तक 18 लाख से अधिक लड्डू वितरित किए जा चुके हैं। इस कार्य से प्रत्येक महिला को प्रतिमाह लगभग 10 से 12 हजार रूपए की आय हो रही है। समूह से जुड़ी महिलाओं यास्मीन, सविता सिंह, नेहा तिर्की और प्रभा का कहना है कि उन्हें इस बात की खुशी है कि वे आने वाली पीढ़ी को जन्म से पहले ही स्वस्थ और मजबूत बनाने में योगदान दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2025 में कोरिया मोदक पहल की शुरूआत की

शेष पेज 4 पर

### सकारात्मक परिणामों ने बढ़ाया भरोसा

कोरिया मोदक पहल के प्रभाव से जिले में मातृ और शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। इस पहल के परिणामस्वरूप कम जन्म वजन वाले शिशुओं के मामलों में लगभग 57 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वहीं 95.9 प्रतिशत नवजात शिशुओं का जन्म वजन 2.5 किलोग्राम से अधिक पाया गया है, जो बेहतर मातृ पोषण का स्पष्ट संकेत है। इसके अलावा 100 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का प्रारंभिक एएनसी पंजीयन और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया गया है। वहीं 90 प्रतिशत से अधिक कम वजन वाली गर्भवती महिलाओं में संतोषजनक वजन वृद्धि दर्ज की गई है।

## होली पर कोरिया जिले में बंपर शराब बिक्री

# एक दिन में पी गए 43 लाख की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रंगों के त्योहार होली पर कोरिया जिले में शराब की बंपर खपत देखने को मिली। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार होली के दिन जिले में एक ही दिन में करीब 43 लाख रूपए की शराब की बिक्री दर्ज की गई।

जिले में संचालित 5 शासकीय शराब दुकानों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ लगी रही, जो देर शाम तक जारी रही। सामान्य दिनों की तुलना में त्योहार के अवसर पर बिक्री में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई। आबकारी विभाग के अनुसार त्योहार को देखते हुए दुकानों में पर्याप्त स्टॉक पहले से उपलब्ध कराया गया था, ताकि मांग के अनुरूप आपूर्ति बनी रहे। वहीं प्रशासन द्वारा अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर नजर रखने के लिए भी निगरानी बढ़ाई गई थी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी होली पर्व पर शराब की मांग में तेजी रही, जिसके चलते जिले में एक दिन में ही 43 लाख रूपए की शराब की खपत दर्ज की गई। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित चरचा कॉलरी, सोनहत, पटना और आसपास के क्षेत्रों में लोगों ने बड़ी मात्रा में शराब की खरीदारी की, जिससे बिक्री का ऑकड़ा सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक रहा। त्योहार को देखते हुए दुकानों में पर्याप्त स्टॉक पहले से ही उपलब्ध कराया गया था, ताकि किसी प्रकार की कमी न हो। वहीं भीड़ को देखते हुए दुकानों में अतिरिक्त व्यवस्था भी की गई थी। त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीम भी सक्रिय रही। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विभिन्न स्थानों पर निगरानी और कार्रवाई भी की गई। बताया जा रहा है कि होली जैसे बड़े त्योहारों पर हर साल शराब की बिक्री में बढ़ोतरी देखी जाती है, लेकिन इस बार बिक्री का ऑकड़ा काफी बंपर रहा।



### 43 लाख की हुई बिक्री

होली के समय एक ही दिन में 43 लाख रूपए की शराब की बिक्री दर्ज की गई। वर्तमान में 5 शराब दुकानें संचालित हैं।

-रमेश अग्रवाल, जिला आबकारी अधिकारी कोरिया

# गौ वंश को बेरहमी मारा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के चरचा कॉलरी थानांतर्गत गुरूवार को इंसानियत को झंकझोरने वाली घटना सामने आई। एक व्यक्ति ने आवेश में आकर मामूली बात पर एक बे जुबान गौ माता और उसके दुधमुंहे बछड़े को बेरहमी से पीटकर हत्या कर ली।

घटना के बाद लोगों में आक्रोश देखने को मिला। इस घटना की जानकारी गौ सेवकों को मिलने पर घटना स्थल पर पहुंच स्थिति से अवगत हुए और आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 325 बीएनएस,धारा 4,10 छग कृषक पशु परिरक्षण संशोधन अधिनियम 2011, धारा 11 घ पशु कुररता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चरचा कॉलरी थानांतर्गत ग्राम महुआपारा आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 के सामने घटना दिवस 5 मार्च को दोपहर के समय आरोपी हरजीत यादव पिता मदन यादव निवासी आमगांव के द्वारा एक गौ माता एवं उसके छोटे बछड़े को बेरहमी से डंडे से पीटा गया, जिससे गौ माता एवं उसके दुधमुंहे बछडे की मौत हो गई। इस घटना में पुलिस रिपोर्ट में यह बात भी दर्ज कराई कि घटना में मृत बछडे के शरीर को कुत्तों ने नोच कर क्षप्त-विक्षप्त कर दिया है। घटना प्रकाश में आने पर गौ सेवकों द्वारा पुलिस में लिखित शिकायत दी जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया।



# कोरिया के नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतें होंगी बाल विवाह मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार कोरिया जिले के कुछ नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस संबंध में विभाग द्वारा दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। जारी सूचना के अनुसार संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर के निर्देश पर ऐसे नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतें, जहां पिछले दो वर्षों में बाल विवाह का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया है, उन्हें बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना प्रस्तावित है। कोरिया जिले में नगर पालिका बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा और पटना सहित विकासखंड बैकुंठपुर की 120 ग्राम पंचायतें तथा सोनहत विकासखंड की 42 ग्राम पंचायतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 से 2024-25 के दौरान बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। इन निकायों और पंचायतों की सभाओं में भी इस संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए हैं। विभागीय अमले द्वारा सत्यापन के बाद संबंधित नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की अनुशंसा प्राप्त हुई है। इसके आधार पर उन्हें बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की जा रही है।



■ 7 दिन में मांगी गई आपत्तियां

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति है या उक्त नगरीय निकायों/ग्राम पंचायतों में बाल विवाह का कोई मामला संज्ञान में है, तो वह विज्ञापन प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय सुबह 10 से शाम 5:30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में लिखित रूप से आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

### हल्के बादल छाए रहे उमस से लोग परेशान

**सोनहत।** शनिवार को सुबह से ही मौसम में बदलाव देखने को मिला, जो पूरे दिन जारी रहा। सुबह के समय आसमान में हल्के बादल छाए रहने के कारण धूप का असर कम रहा, लेकिन हल्की गर्मी और उमस ने लोगों को दिनभर परेशान किया। मौसम में आए इस बदलाव और आसमान में छाए बादलों के कारण क्षेत्र में बारिश होने के संकेत भी मिलने लगे हैं। ग्रामीण किसानों का कहना है कि आम और महुआ की फसल आने के समय अक्सर मौसम में बदलाव होता है और ऐसे में बारिश की संभावना भी बढ़ जाती है। इधर बदलते मौसम का असर आमजन के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। क्षेत्र में वायरल बीमारियों के मामले धीरे-धीरे सामने आने लगे हैं, जिससे लोग सतर्क रहने लगे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह मौसम में बदलाव जारी रहा तो आने वाले दिनों में हल्की बारिश भी हो सकती है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मौसम में बदलाव को देखते हुए लोगों को खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## भजनों की रसधार में हुआ सराबोर

# राधा-कृष्ण मंदिर प्रेमाबाग में खेली गई फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर


शहर के प्रेमाबाग स्थित राधा-कृष्ण प्रेम मंदिर में शुक्रवार को फूलों की होली और भजनों की मधुर रसधार के बीच भक्तिमय माहौल देखने को मिला। 6 मार्च को शाम 4 से 7 बजे तक राधे-राधे परिवार बैकुंठपुर द्वारा शहर की माता-बहनों के लिए विशेष फूलों की होली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली की हार्दिक बधाई दीं। राधा-कृष्ण स्वरूप की सजीव झांकी के साथ फूलों की होली खेली गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। फूलों की वर्षा के बीच महिलाओं ने भक्ति एवं पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। समारोह का विशेष आकर्षण राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी रही। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भी उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आज ब्रज में होली ओ रसिया, होली खेले रघुवीरा, होली में उड़े रे गुलाल और मत मारो पिचकारी जैसे भजनों पर महिलाओं ने सामूहिक नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। फूलों की वर्षा और रंगों की छटा ने आयोजन को यादगार बना दिया। पूरे कार्यक्रम में महिलाओं कीएकजुटता और सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

आयोजक राधे-राधे परिवार बैकुंठपुर ने सभी माता-बहनों को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रंगों और उमंग से भरा यह पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियों के रंग लेकर आए। साथ ही भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सहयोग की अपील की।



राधा-कृष्ण प्रेम मंदिर में भजनों का रसपान करतीं श्रद्धालु महिलाएं।

8 March Happy Woman's Day

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

| प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | चतुर्थ पुरस्कार | विशेष पुरस्कार 5 |
|---|---|---|---|---|
| वाशिंग मशीन | इंडक्शन | मिक्सर ग्राइंडर | इलेक्ट्रीक आयरन | एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार |

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ..........
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ..........
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ..........
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ..........
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ..........
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ..........
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ..........
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ..........
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ..........

Learn AI Design Tools this Summer
छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
•Graphics •Web Page Designing •Gaming
•Sound - Video Editing •2D - 3D Animation

New Town
Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound,
Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि

नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........

पिता/पति का नाम :- ..........

स्थाई पता :- ..........

..........

फोन/मो. नं. :- ..........

शैक्षणिक योग्यता :- ..........

फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank
...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or
1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

## पृष्ठ 1 का शेष

### सर्वधर्म की महिलाएं ...

गई। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार कुपोषण उन्मूलन की दिशा में जिला प्रशासन ने विशेष प्रयास किए। जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से इस अभिनव योजना को लागू किया गया। यह पहल स्थानीय संसाधनों और महिलाओं की भागीदारी पर आधारित एक ऐसा मॉडल बनकर उभरी है, जिसने कम समय में ही सकारात्मक परिणाम देना शुरू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत गर्भावस्था के पांचवें माह से लेकर प्रसव तक गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन दो पौष्टिक कोरिया मोदक लड्डू दिए जाते हैं। इन लड्डुओं को मौसम और उपलब्धता के आधार पर रागी, सत्तू, गुड़, मूंगफली, तिल, चना, जौ और घी जैसी पौष्टिक सामग्री से तैयार किया जाता है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध इन खाद्य पदार्थों के उपयोग से तैयार यह लड्डू स्वादिष्ट होने के साथ-साथ आयरन, प्रोटीन और ऊर्जा का समृद्ध स्त्रोत बन गया है। राष्टीय स्तर पर मिली पहचान-कोरिया मोदक की सफलता को राष्टीय स्तर पर भी सराहना मिली है। इस अभिनव मॉडल की प्रशंसा नीति आयोग ने भी की है। आयरन और प्रोटीन से भरपूर ये लड्डू गर्भवती महिलाओं में एनीमिया कम करने और नवजात शिशुओं के कम वजन की समस्या को दूर करने में प्रभावी साबित हो रहे हैं। इस पहल को नीति आयोग की स्पेरियेशनल टाइम्स न्यूजलेटर में स्थान मिला है और इसे आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्केलेबल बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में भी सराहा गया है। स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़ रहे कदम- कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार जिले की गर्भवती महिलाओं को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के लिए यह नवाचार शुरू किया गया है ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और मजबूत बन सके। ग्राम आनी में हर धर्म, वर्ग और समुदाय की महिलाएं मिलकर कोरिया मोदक तैयार कर रही हैं।

## विश्व महिला दिवस पर विशेष

# हर क्षेत्र महिलाएं कायम कर रहीं अपना वर्चस्व



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को महिलाओं के सम्मान में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज के बदलते दौर में महिलाएं केवल चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं बल्कि खेती-किसानी से लेकर नौकरशाह, राजनेता, उद्योग जगत में भी अपनी धाक जमा रही है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए वर्तमान में महिलाओं की समाज में भूमिका और उनकी स्थिति को उजागर किया।

### अपने अधिकारों को समझ रहीं महिलाएं



आरएचईओ उद्यानिकी विभाग श्रीमती नीलम मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कही कि महिलाएं आज जागरूक हो गई है और अपने अधिकारों को समझ रही है। शिक्षा के महत्व को समझकर शिक्षा के हथियार को अपनाकर अपने आप को सशक्त कर रही है। परिवार को सहयोग मिलने के बाद महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी सफलता दर्ज करा रही है।

### नारी ही सृष्टि की धुरी है

गृहणी श्रीमती अनिता तिवारी ने महिला दिवस पर कहा कि सृजन व



चेतना की स्वामिनी नारी स्वयं को मृत्यु के करीब ले जाकर चेतना को जन्म देती है उससे ही तो यह सृष्टि गतिमान है। देवों को भी गोद में खिलाकर वात्सल्य की अद्भुत क्षमता रखने वाली नारी समय के साथ काली, दुर्गा, का रूप भी लेती है। श्रीमती तिवारी ने कहा कि नारी ही सृष्टि की धुरी है। सदा इसका सम्मान होना चाहिए एक दिन नहीं प्रतिपल को ही महिला दिवस मनाया जाए।

### सरकार कई योजनाएं चला रही

उपाध्यक्ष भाजपा मंडल शिवपुर चरचा श्रीमती शिल्पा शर्मा ने अपने विचार



व्यक्त करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं लाई हैं और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में समाज में महिलाओं की भूमिका बड़ी है, जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आज मितानिन स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य कर रही है।

### महतारी वंदन योजना से बदल रही जिंदगी

प्रदेश सह मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा



छग श्रीमती रेनू सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी योग्यता का परिचय दे रहीं हैं। सरकार द्वारा कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उन्हें मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की है।

### महिलाओं की काफी स्थिति सुधरी

प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव गॉधी पंचायती



राज संगठन छग श्रीमती संगीता राजवाडे ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले के वर्षो की अपेक्षा महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार है। पंचायती राज में महिलाओं को आरक्षण मिलने से पंच-सरपंच से मंत्री, विधायक तक का पद संभाल रही है, फिर भी महिलाओं को अभी और अधिकार दिए जाने की जरूरत है।

### शिक्षा के प्रति महिलाएं हुइं सजग

व्याख्याता श्रीमती अल्मा पन्ना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा



कि आज बालिकाओं की शिक्षा के प्रति समाज सजग हुआ है और बालिकाएं पढ़ाई में भी किसी से कम नहीं है, यही कारण है कि आज के दौर में महिलाएं भी हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत का डंका बजा रही है।

### आज महिलाएं किसी से कम नहीं

शिक्षिका नीतू कुशवाहा ने महिला



दिवस पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी से कम नहीं है। महिलाओं को उचित अवसर मिले तो बड़ी मंजिल भी प्राप्त कर लेती है। नीतू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिला अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है।

### उच्च पदों पर महिलाएं आगे बढ़ रहीं

भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवपुर चरचा



दीपा विश्वकर्मा ने कहा कि अब महिलाएं भी पुरूषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है, शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाओं का प्रतिशत बढ़ा है, इससे महिलाएं अपने अधिकारों को समझने लगी है और उच्च पदों को सुशोभित कर रही है।

### हर क्षेत्र में आगे हो रही महिलाएं

बैकुण्ठ फिलिंग सेंटर बैकुण्ठपुर



की संचालिका इंजी सीमा रानी हस्सा ने कहा कि आज के दौर में महिलाओं को अधिक स्वतंत्रता मिली है ,इसके चलते पहले के दौर के अपेक्षा अब महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता का झंडा लहरा रही है।

### शिक्षा के महत्व को समझना होगा

कन्या छात्रावास की अधीक्षिका पुष्पा



बड़ा ने कहा कि महिलाओं की स्थिति सुधार करने के लिए केवल सरकारी प्रयास ही नहीं बल्कि समाज परिवार को भी शिक्षा के महत्व को समझना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति को ऊंचा उठाने के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है।

### अब महिलाएं राजनीति में भी हो रही सक्रिय

पार्षद नपा बैकुण्ठपुर श्रीमती शिल्पा



गुप्ता ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि महिलाएं आज घर की चार दीवारी तक सीमित नहीं है। घर के काम काज को बखूती निभाते हुए राजनीति में भी सक्रिय है और जमीनी स्तर से लेकर बडे राजनीतिज्ञ की भूमिका निभा कर देश के विकास में योगदान दे रही है।

### महिलाओं की स्थिति काफी सुधरी

छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती तारा



निकुंज ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब के दौर में महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और शिक्षा के महत्व को समझने के बाद अब परिवार बालिकाओं की शिक्षा पर ध्यान दे रह है।

### रफीक बने जिला महामंत्री

**मनेन्द्रगढ़।** जिला एमसीबी वर्ष 1994 से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय रहे रफीक मेमन को पार्टी नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला महामंत्री नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति से जिलेभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

स्वामी जी 9340638884
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुख्मणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिग्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026; 04 अप्रैल, 2026; 04 जून, 2026; 14 जून, 2026; 29 जुलाई, 2026; 11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹ 21,500/- ऑफर ₹ 18,500/-3AC ₹ 32,500/- ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
HAPPY Women's Day
8th MARCH
श्रीमती नीलम मिश्रा
आरएचईओ
उद्यानिकी विभाग बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
श्रीमती पुष्पा बड़ा
अधीक्षिका- कन्या छात्रावास कटगोड़ी, जिला-कोरिया (छ.ग.)

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8 March
श्रीमती नविता शिवहरे
अध्यक्ष- नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.
श्रीमती शिल्पा गुप्ता
पार्षद-वार्ड क्र. 17 नपा बैकुण्ठपुर

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
श्रीमती अलमा पन्ना
व्याख्याता
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख, जिला-कोरिया (छ.ग.)

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
बैकुण्ठ फिलिंग सेंटर
पता- ओड़गीनाका मेनरोड बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
इंजी. सीमारानी हस्सा
संचालिका

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8 March HAPPY Women's Day
श्रीमती अनिता तिवारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
श्रीमती नीतू कुशवाहा
शिक्षिका - शासकीय माध्यमिक शाला सारा विकासखंड बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
दीपा विश्वकर्मा
मंडल अध्यक्ष - भाजपा शिवपुर चरचा

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
श्रीमती संगीता राजवाड़े
प्रदेश उपाध्यक्ष - राजीव गांधी पंचायत राज संगठन छ.ग.
पूर्व सचिव - प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग.

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
श्रीमती शिल्पा शर्मा
उपाध्यक्ष - भाजपा मंडल शिवपुर चरचा

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
श्रीमती तारा निकुंज
अधीक्षिका - आदिवासी कन्या आश्रम पहाड़पारा जिला-कोरिया (छ.ग.)

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
8th MARCH HAPPY Women's Day
श्रीमती विभा अवस्थी
प्रदेशाध्यक्ष - भाजपा महिला मोर्चा, छ.ग.
श्रीमती प्रियंका गिरी
प्रदेश मीडिया प्रभारी - महिला मोर्चा छ.ग.
श्रीमती रेनू सिंह
प्रदेश सह मीडिया प्रभारी - महिला मोर्चा छ.ग.